[illegible]। [illegible] के [illegible] विधायक श्री [illegible] पटेल (पूर्व मंत्री) ने भिलाई गोली कांड की तीव्र निंदा करते हुए इसे भाजपा सरकार की अनैतिक पूर्ण कार्यवाही बताया है। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री श्री कैलाश जोशी ने पूर्व में इनकी सभी मांगों को पूर्ण करने की बात कही थी और आज यही भी गोली कांड का कारण मजदूरी की ज्यादती बता रहे हैं।

श्री पटेल ने कहा है कि इस गोली कांड की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए प्रदेश के भाजपा सरकार को तत्काल इस्तीफा सौंप देना चाहिये।

द्वारा संचालित मजदूर आंदोलन मोर्चा नेता शंकर गुहा नियोगी की हत्या के पश्चात भी अपना धैर्य नहीं खोया तथा सीधी कार्यवाही से हटकर प्रजातांत्रिक तरीके से अपने संघर्ष का मूर्त देते रहे। इसी क्रम में कोरी उत्तेजना भी प्रारंभ हुई तथा अन्य श्रमिकों को कारखानों में प्रवेश से रोकने के प्रयास में आतंकित रूप तथा प्रभावपूर्ण माहौल निर्मित हुआ उस समय व्यापारिक संगठनों, एवं औद्योगिक संगठनों तथा श्रमिकों एवं शांतिप्रिय नागरिकों ने भिलाई से मौन जुलूस निकालकर दुर्ग जिलाधीश को भिलाई में शांति व्यवस्था एवं व्यवस्थित जीवन की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा था।

उक्ताशय के विचार जवाहर मार्केट भिलाई के व्यवसायी श्री [illegible] टावरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हजारों नागरिकों के मौन जुलूस को जिला प्रशासन ने जितनी गंभीरता से लेना था नहीं लिया तथा यही लापरवाही का परिणाम इस नगर को गोलीकांड के रूप में भुगतना पड़ रहा है। मौन जुलुस के पश्चात उस समय औद्योगिक क्षेत्र को तथा प्रशासन को आगाह भी किया गया था लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।

दो माह पूर्व ही श्री बाबूलाल गौर मंत्री मध्यप्रदेश की सौंदर्य भावना में प्रशासनिक अधिकारियों ने बिना [illegible]पन के तोड़फोड़ की कार्यवाही

जिला प्रशासन के अनदेखी का परिणाम

गोलीकांड और निर्दोषों की मौत

की तथा अभी तक पूर्ण रूपेण विस्थापित लोगों को व्यवस्थित नहीं किया गया उसके धूल चाटी में [illegible] किकने लगी तथा कुछ सत्ता के दलालों की सौदेबाजी ने शासन के खिलाफ भी आक्रोश पैदा कर दिया जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिला जिस समय पुलिस व प्रशासन साम दंड भेद से धरने पर बैठे मजदूर भाईयों को हटाना चाहा उस समय नागरिकों ने अपना गुस्सा आंदोलनकारियों को साथ लेकर पुलिस को एक बार छावनी थाने के अंदर भागने को मजबूर कर दिया जिसके परिणाम में जो स्वाभाविक था वही हुआ भीषण गोलीकांड। हथियारों से लैस लाईसेंस युक्त अधिकृत व्यक्ति निहत्थों से कैसे हार मानते तथा गोलीबारी के आक्रमण से आंदोलन कारियों को तितर बितर करने में सफल हो सके।

दूसरा पक्ष यह भी है कि मजदूर लीडर तो स्वतः सामने नहीं रहे निर्दोष नागरिक मारे गए। नेता कोई नहीं मरा। एक नेता मोहन मैय्या जरूर घायल हुए लाठियाँ खाईं यहां मोहन मैय्या का उल्लेख इसलिए आवश्यक है कि उद्योग मंत्री श्री कैलाश जोशी से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की [illegible] सांसद ने ही पहल की थी [illegible] क्रम भी प्रारंभ हुआ।

उन्होंने कहा कि जो होना था हो गया अब अवसरवादी नेता व मौसमी नेता आलोचनाओं के साथ उबाल करेंगे। यही एक विचार आता है। छत्तीसगढ़ के अनेकों सांसद कांग्रेस से चुनकर आये हैं। [illegible] में [illegible] की सरकार का [illegible] हो लेकिन [illegible] सांसद [illegible] श्री [illegible] तुरत, सांसद पवन दीवान, उस समय कहां थे जब छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा आंदोलन चलाया जा रहा था? केन्द्र सरकार की [illegible] पहल हो जाती तो निश्चित ही यह दिन देखने को नहीं मिलता। क्योंकि [illegible] की कार्यवाही के [illegible] कानून के विपरीत [illegible] उसी समय यदि गंभीर होकर कुछ सक्रियता इस क्षेत्र के सांसद करते तो आज वातावरण दूसरा ही होता। लेकिन मन में तो छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का विरोध था। अतएव समर्थन का प्रश्न ही नहीं होता।

उन्होंने कहा कि [illegible] राजनैतिक [illegible] भाजपा का [illegible] [illegible] [illegible] आंदोलनकारियों को सामान्य जीवन से कोई लेना देना ही नहीं रह गया है। केवल मुट्ठीभर नेता आगे हैं उनके पीछे पीछे अपना चेहरा दिखलाते चले जाते हैं। अतएव इन्हीं कारणों से पुलिस व्यवस्था या शासन अचूक हो चुकी है। जो [illegible] कानूनी ही क्यों न हो कोई परवाह नहीं।

पुलिस प्रशासन की निंदा करते हुये उन्होंने कहा कि बुलडोजर के [illegible] में [illegible] की हत्या हो गई जिला पुलिस अधीक्षक से [illegible] की गया [illegible] एक ही [illegible] में लिखा है कि बुलडोजर के [illegible] से [illegible] की मृत्यु हुई किसी और पेपर में तो नहीं नहीं लिखा है और [illegible] हो तो [illegible]।

श्री टावरी ने कहा कि क्या सचमुच में किसी की मृत्यु के जांच के बारे में इस प्रकार से उत्तर देना एक [illegible] के कार्य की महत्ता के [illegible] नहीं है [illegible] आज तो [illegible] है कि [illegible] जाय [illegible] गया।

प्रथम पेज से जारी

[illegible]टना से भाजपा खफा

श्री [illegible] के [illegible] के मृतकों एवं घायलों के लिये घोषित मुआवजा राशि वास्तव में अपर्याप्त है। [illegible] के मूल [illegible] का [illegible] उन्हें दी गयी [illegible] चाहिये। [illegible] के [illegible] कर्फ्यू [illegible] नहीं [illegible] के निर्देश पर [illegible] दिखने वाले [illegible] पीटकर घायल किया। [illegible] दौरान राष्ट्र के [illegible] की वर्दी का दुरुपयोग [illegible] के रूप [illegible] उपयोग किया। [illegible] देती कांग्रेस पार्टी [illegible] पर [illegible] से कर्फ्यू हटा दी गई, यह गोलीकाण्ड एक दुर्भाग्य जनक घटना है। उन्होंने यह भी कहा कि गोलीकाण्ड में गंभीर रूप से घायल हुए श्रमिकों के घाव अभी भी नहीं भरे और वे पूर्णतः स्वस्थ भी नहीं हुए हैं।

[illegible] कि पुलिस [illegible] चिकित्सों पर अनैतिक [illegible] डालकर घायलों को [illegible] गिरफ्तार कर रही है। यह [illegible] अनुचित है। घायलों के स्वस्थ होने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहि[illegible] पुलिस प्रशासन निर्दोषों पर कहर [illegible] रही है, सरकार उद्योगपति [illegible] मजदूरों के मध्य सामंजस्य स्था[illegible] करने में असफल रही। आज [illegible] राज्य सरकार की तरफ से श्रमि[illegible] के समस्या के संबंध में उचित [illegible] होने की कोई उम्मीद नहीं की [illegible] सकती पुलिस की करनी और [illegible] के मध्य काफी फर्क होना [illegible] है।

उन्होंने आगे कहा [illegible] अस्पताल में गोलीकाण्ड के घायलों [illegible] मुलाकात के दौरान उन्हें स्वयं [illegible] पुलिस घायलों से भी अमानवीय [illegible] से पेश आ रही है। निरीक्षण [illegible] दौरान आज एक को गिरफ्तार [illegible] घायलों के बयान के अनुसार ६ [illegible] का ६ से ७ घायलों को अस्पता[illegible] गिरफ्तार कर पुलिस ले गई।

पत्रकार वार्ता में जिला [illegible] कमेटी के अध्यक्ष श्री [illegible] चन्द्राकर कांग्रेस के मंत्री श्री [illegible] लाल गुप्ता, श्री पवन चौबे श्री [illegible] चंद जैन मोती बाफना, श्री [illegible] पूर्ती, सहित भारी संख्या में [illegible] एवं युवक कांग्रेस के [illegible] उपस्थित [illegible]।

प्रकाशक एवं मुद्रक श्री एस. [illegible] द्वारा एस.के. [illegible] न्यूज प्रा. लि. दुर्ग के [illegible] से मुद्रित [illegible] दुर्ग से प्रकाशित, सम्पादक एस. एस. [illegible], फोन, सम्पादकीय २० [illegible]

पुलिस ने अंधाधुंध गोलियां चलाई-श्यामा

6792 नवभारत

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जनहित में है।

प्रतिपक्ष के नेता श्री श्यामाचरण शुक्ल ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा करते हुये कहा कि यह घटना प्रशासन की अक्षमता का नतीजा है। यदि शासन व प्रशासन चाहता तो घटना को टाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री से हुई चर्चा के पश्चात सभी बातें आसानी से सुलझाई जा सकती थी किन्तु इस दिशा में बाद में कोई प्रयास नहीं किये गये। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि पुलिस ने घटना स्थल से २ कि.मी. तक के क्षेत्र में जाकर गोलियां चलाई और निर्दोष लोगों को पीटा और आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि कर्फ्यू के बाद भी पुलिस द्वारा ज्यादती जारी है। नागरिकों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है तथा कारखानों में काम पर जाने वाले लोगों को पुलिस द्वारा मारा पीटा जा रहा है।

श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की बर्खास्तगी की विभिन्न मांगों में से अब एक मांग यह भी है। उन्होंने कहा कि मोर्चा की मांगों के संबंध में चर्चा कर सार्थक प्रयास किये जायेंगे, वहीं शासन को भी समस्या का ठोस हल निकालकर शांति स्थापित करने हेतु कटु उठना चाहिये। उन्होंने कहा कि सही तथ्य जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे किन्तु क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं को सजगता पूर्वक निगरानी रखनी होगी ताकि जांच निष्पक्षता पूर्वक हो सके।

दुर्ग कार्यालय से प्राप्त समाचार के अनुसार श्री श्यामाचरण शुक्ल व श्री दिग्विजय सिंह ने दुर्ग में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश में जहां-जहां भी आंदोलन हुये, भाजपा सरकार ने उन्हें लाठी गोली से कुचलने का प्रयास किया। नेता द्वय पुलिस फायरिंग में घायल लोगों से भेंट करने व घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने न तो दुर्घटना को गंभीरता से लिया और न ही इस बात का प्रयास किया गया कि गंभीर घटना हो सकती है, उसे रोका जाये, श्री श्यामाचरण शुक्ल ने कहा कि आंदोलनरत श्रमिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई गई क्योंकि पुलिस नियंत्रण में नहीं थी। मजदूरों व सड़क चलते राहगीरों पर २-३ कि.मी. तक गोलियां चलाई गई। इस घटना के लिये भाजपा सरकार पूर्णतः दोषी है।

उन्होंने भिलाई में कही गई बातों को दोहराते हुये कहाकि प्रदेश की फासिस्टवादी मनोवृत्ति वाली भाजपा सरकार ने उद्योगों के छंटनीशुदा मजदूरों के साथ भी आज तक न्याय नहीं किया। श्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं में आपसी तालमेल न होने व पार्टी की गुटीय लड़ाई के कारण ही वार्ता का निर्णय नहीं लिया जा सका। यही कारण है कि घटना के बाद श्री पटवा ने घड़ियाली आंसू बहाकर श्रम मंत्री श्री भोजवानी को भिलाई भेजा व स्वयं दिल्ली रवाना हो गये। उन्होंने न्यायिक जांच में घटना क्यों घटित हुई, इस मुख्य मुद्दे को जोड़ने की मांग की। उन्होंने कहाकि अयोध्या कांड में मृतक भाजपा कार्यकर्ताओं के परिजनों को ५०-५० हजार रू. का मुआवजा दिया गया था, जबकि भिलाई की घटना में मृतकों को मात्र १०-१० हजार रू. क्यों दिया गया जबकि दोनों जगह भाजपा की सरकार है।

आज उक्त नेता द्वय मृतक उपनिरीक्षक स्व. टी.के. सिंह के निवास पर भी गये और उनके परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर विधायक सर्व श्री झुमुकलाल भेड़िया, रविन्द्र चौबे, जागेश्वर साहू तथा इंका नेता कनक तिवारी, वासुदेव चंद्राकर, रामानुजलाल यादव, भजन सिंह निरंकारी, फूलचंद बाफना सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

(61)

भिलाई गोलीकांड, प्रशासनिक कार्रवाई पर अनेक प्रश्नचिन्ह?

रेलपातों पर आंदोलनरत श्रमिकों के साथ ही जी.ई. रोड व बाजारों पर बंदूकें गरजीं

भिलाई, १३ जुलाई। एक जुलाई को यहां घटित गोलीकांड में मृतकों की संख्या क्या कम हो सकती थी? एवं जिला प्रशासन को गोलीचालन के पूर्व वहां आसपास एकत्रित भीड़ को खदेड़ देने का प्रयास नहीं करना था? इन जैसे अनेक सवाल आज लगभग सभी बुद्धिजीवियों के मस्तिष्क में कौंध रहा है। ये मुद्दे गोलीकांड के आलोचकों के मध्य सर्वाधिक बहस के विषय बन गए हैं। वहीं यह सवाल भी है कि गोलीचालन में उस दौरान फैली भारी भीड़ के कारण ही क्या बहुत अधिक लोगों की जानें नहीं चली गई?

ज्ञातव्य रहे कि उक्त तारीख को पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आव्हान पर पावर हाऊस रेलवे स्टेशन से कुछ आगे पश्चिम की ओर लगभग आधे किलोमीटर की दूरी तक रेल रोको आंदोलन पर बैठे आंदोलनकारी श्रमिकों को रेलपातों से हटाकर वहां रेल यातायात व्यवस्थित करने के मुख्य उद्देश्य से किए गए गोलीचालन में शासकीय सूत्रों के अनुसार १५ लोग मारे गए हैं। गैर शासकीय सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा तकरीबन ५० के आसपास है। जिनमें मरने वालों में अनेक ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनका छमुमो और उसके आंदोलन से कभी किसी तरह का नाता नहीं रहा।

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस द्वारा गोलीबारी छह बजने के लगभग आठ मिनट पूर्व से प्रारंभ कर दी गई। उस समय तक घटनास्थल के आसपास जी.ई. रोड पर आवागमन पूरी तरह से अवरूद्ध नहीं था। लोग वहां से पैदल, साइकिल तथा अन्य दूसरे वाहनों से आ-जा रहे थे। उसी तरह सिक्स ट्री मार्ग पर भी यातायात बंद नहीं था। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आंदोलनरत श्रमिक रेलपातों पर बैठे हुए थे। वहीं समीपवर्ती क्षेत्रों महात्मा गांधी मार्केट, जवाहर मार्केट, नंदिनी रोड, पावर हाऊस चौक, खुर्सीपार, न्यू बसंत सिनेमा गृह एवं सेक्टर-एक के आसपास बड़ी तादाद में भीड़ एकत्रित थी।

कौतुहल से माहौल को परखने और उस पर अपनी तात्कालिक खट्टी-मीठी प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाली इस भीड़ में शामिल जनसमूहों की संख्या पांच से सात हजार तक पहुंच रही थी।

पुलिस द्वारा फायरिंग प्रारंभ कर दी गई थी उस समय दूर से उसकी आवाज सुनने वाले लोग सशंकित जैसे थे। प्रतिक्रियाएं देखने वाले लोग बताते हैं कि उन्हें संभावना थी कि फायरिंग आदि से उत्पन्न होने वाली आवाज हवाई फायरिंग अथवा पटाखे छूटने की होगी। ऐसे लोगों ने यह भी शंका प्रकट की थी कि उसी दौरान भीड़ में से कुछ लोगों के द्वारा विजय टाकीज के सामने राज्य परिवहन निगम की एक बस को लगा दी गई आग में उसके टायरों के फटने की आवाज होगी।

गोली चालन के पूर्व स्थानीय प्रशासन ने पावर हाऊस जी.ई. रोड तथा उसके आसपास क्षेत्रों में उपस्थित भीड़ को खदेड़ने के लिए क्या प्रयास किए थे यह अस्पष्ट है। लेकिन जानकारों का कहना है कि पुलिस द्वारा गोलीचालन शुरू हो जाने के पश्चात भी उन क्षेत्रों में भारी भीड़ फैली हुई थी। जी.ई. रोड पर आकर गोलीचालन प्रारंभ किए जाने के बाद ये लोग भागने लगे थे। बताया जा रहा है कि इस भगदड़ में भागने वाले कुछ लोगों को भी गोलियां लगीं। इससे हवाइयों को भगदड़ में शामिल कुछ लोग उठकर भी भागे।

गोलीकांड के आलोचकों की इस संबंध में तीखी प्रतिक्रिया के साथ यह सवाल भी है कि जैसे कि जिला प्रशासन का कहना है कि रेल यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शुरू की गई फायरिंग का मुंह जी.ई. रोड पर खड़ी भीड़ की ओर करने की क्या वजह थी। क्या वास्तव में यह आवश्यक था? आलोचकों ने सरकार से इसके विशेष जांच की मांग की है। वहीं संभावना व्यक्त की जा रही है कि प्रशासन के द्वारा गोली चालन के आसपास मौजूद भीड़ को किसी भी प्रकार खदेड़ दिया गया होता तो अनेक निर्दोष लोगों की जानें नहीं गई होती। इस दौरान पुलिस द्वारा अति उत्साह में जनता के दमन को नियंत्रित करना था।

दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि यदि प्रशासन बाहरी भीड़ को हटाने में सफलता प्राप्त कर लेती तो उसके बाद शायद ही यह गोली चालन की नौबत रहती।

गोलीकांड में मारे गये लोगों की शिनाख्त भी [illegible]

[illegible] पुलिस [illegible] के बाद भी [illegible] और न ही उनका [illegible] का पता [illegible]

असामाजिक तत्वों द्वारा देशी कट्टे के उपयोग की संभावना

गोलीकांड, कुछ घायलों के शरीर से छर्रे भी निकले

(दुर्ग कार्यालय द्वारा)

दुर्ग. एक जुलाई को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के [illegible] पुलिस फायरिंग से कुछ घायलों के शरीर से छर्रे निकले हैं। [illegible] श्री विद्याचरण शुक्ल को [illegible] के चिकित्सकों ने छर्रे और [illegible] दिखाई थी, [illegible] का कहना था कि पुलिस की बंदूक से छर्रे नहीं निकलते। यह अनुसंधान का विषय है कि पुलिस फायरिंग के दौरान १२ बोर के देशी कट्टे का भी उपयोग किया गया है। इस संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि छर्रे यदि [illegible] में लग जाए तो घातक नहीं होता, किन्तु संवेदनशील हिस्से में लगने से मौत हो सकती है। पुलिस का यह भी कहना है कि पुलिस फायरिंग से बारूद भरे बुलेट निकलते हैं, छर्रे निकलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। केन्द्रीय [illegible] रसायन मंत्री श्री विद्याचरण शुक्ल जब जिला चिकित्सालय में घायलों से मिल रहे थे, तब डॉक्टरों ने दो अलग-अलग शीशी दिखाई थी, जिनमें से एक में बुलेट और दूसरे में छर्रे थे, जो घायल या मृत श्रमिकों के शरीर से निकाले गये थे।

इस संबंध में अनुमान लगाया जा रहा है कि छमुमो श्रमिकों के साथ कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल हो गये थे, जिन्होंने मौके का फायदा उठाकर देशी कट्टे उपयोग किया हो चूंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस के कब्जे में है तथा अधिकांश घायलों की अस्पताल से छुट्टी होने के कारण इस बात की पुष्टि नहीं हो पायी है कि कितने लोगों को छर्रे लगे है। दूसरी ओर यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने लाठी चार्ज, अश्रुगैस के बाद [illegible] बंदूक का उपयोग करती है और [illegible] भरी [illegible] इस बात [illegible] नहीं हो पायी है कि पुलिस ने [illegible] का प्रयोग किया अथवा नहीं।

पूर्व मुख्यमंत्री व इंका प्रवक्ता को बंदियों से मिलने नहीं दिया गया

दुर्ग (समवेत शिखर)। आज जिला जेल में मोर्चा के गिरफ्तार व्यक्तियों से भेंट करने गए सांसद चंदूलाल चंद्राकर एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री वोरा को जेल के अधिकारियों की अनुमति के अभाव में बंदियों से मिलने नहीं दिया गया।

प्रदेश इंका द्वारा भिलाई गोलीचालन से संबंधित गठित जांच समिति के अध्यक्ष एवं सांसद चंदूलाल चंद्राकर, पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा ने स्थानीय जिला चिकित्सालय में घायलों से मुलाकात की।

इसके बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों से भेंट करने जिला जेल पहुंचे। जहां जेल के अधिकारियों ने बताया कि २ जुलाई को २२ आंदोलनकारी महिलाओं को धारा १५१ एवं १०७, ११६ के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। लेकिन जेल में क्षमता नहीं होने के कारण उसमें से १९ महिलाओं को रायपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया और इन महिलाओं के रिहाई के आदेश भी हो गए है तथा वर्तमान में बाद में गिरफ्तार किए गए ७४ पुरुष एवं ७ महिलाएं अभी भी जेल में है। इसमें एक दो वर्ष का बच्चा भी है।

इस अवसर पर जेल में बंदी बनाए गए व्यक्तियों एवं महिलाओं से नेताद्वय ने भेंट करने की इच्छा प्रकट की। तो जेल अधीक्षक ने अनुमति के लिए आधे घंटे तक उच्चाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया। फलतः अनुमति नहीं मिलने के कारण जेल के अधिकारियों ने नेताद्वय को बंदियों से मिलने देने के लिए इंकार कर दिया।

इस अवसर पर श्री चंद्राकर एवं श्री वोरा के साथ विधायक [illegible] साहू, जिला इंका के महामंत्री श्री बदरुद्दीन कुरैशी, इंका नेता श्री कनक तिवारी सहित कई इंका कार्यकर्ता उपस्थित थे।

63

Govt. destroying firing evidence'

BHILAINAGAR:- All India Congress (I) Committee spokesman Mr Chandulal Chandrakar advised the Chatisgarh Mukti Morcha to continue their agitation peacefully and not to seek any coperation from organisations like Peolie's Union for Civil Liberties. He demanded recruit -In Bhilai Steel plant ment for the dependents of thosse who were killed in July 1 firing in Bhilai. He alleged that the districtadminstration was not cooperating with the factfinding team of Madhya Pradesh Congress Committee He said the State Government was destroying evidence of the police ffiring in Bhilai on July 1.

Talking to newsmen here Mr Chandrakar said the firing could have been averted if appropriate action was taken in time to solve the demands of workers. He charged the State Government with not cooperating with the Congress (I) fact-finding committee looking into the incident though he had written a letter to the distnct administration in this regard. Mr Chandrakar said he and the former chief Minister Mr Motilal Vora were not allowed by the Jail Superintendent to meet the arrested Morcha workers lodged in Durg jail. Even the Durg hospital authorities were not giving details of the injured in firing, he added.

Mr Chandulal Chandrakar has alleged that the State Government was destroying evidence of the police firing on the Chhattisgarh Mukti Morcha workers here on July one. Why extra- ordinary delay was being made in the appointment of the judge for the judicial injury?, He asked. It may be recalled that the State Government had ordered judicial inquiry into the police firing within few hours after the incident, which claimed 17 lives.

Mr Chandrakar demanded that the Bhilai Steel Plant should offer job to at least one member of the family of each deceased. The Congress Member of Parliament from Durg, said he would endeavour that compromise was reached between the industryalosts and morcha workers in a peaceful manner. At the same time, he said, the Morcha should continue its agitation peacefully and should hot be influencedor take any cooperation from organisations like People's Union for Civil Liberties (PUCL). Meanwhile, Mr Surendra Singh, superintendent of Police, Durg, denied the allegations that police was putting pressure on the hospital authorities to discharge the injued persons to enable the police to arrest them. He said in a statement that it was the privilege of the doctors to discharge or admit the injured persons and the police had nothing to do in this connection. Mr Singh said baseless propaganda was being made through the media about the death toll in firing and added only fifteen

M.P Chronicle 12.7.92

Police demand copter for searching Naxals

JAGDALPUR: The Bhilai Range DIG Mr. NK Singh said that intensive search of Naxalites in Bastar the police is in need of a helicopter to conduct ariel patrolling of the dense wooded areas and expaqsive territory.

Mr. Singh said that regarding ariel surviellence he has written to the State Govt. Mr. Singh put aside such anxieties that the helicopter while flying low of forest terrain will be in danger of crash landing or in being shot down by naxalites. He said such doubts were unfounded.

He said that in Leh, when helicopters were brought into action for reconnaissance the 2 years term in Len showed the success of the use of helicopter for surviellence work. He said that the helicopters manufactured in India are such that there is no danger of bullets piercing the copter. He said that if the Police obtains such a helicopter then it will be easier for them to search Naxalites. Especially during the rainy season when it is dimcult to reach the interior areas which are unapproachable by road.

भिलाई गोलीकांड मृतकों की अधिकृत सूची

13-7-92

दुर्ग। भिलाई गोलीकांड में मारे गये लोगों की अधिकृत सूची आज जिला प्रशासन ने घोषित की है। सूची में मरने वालों की संख्या १५ बताई गई है।

आज शासकीय तौर पर यह बताया गया कि भिलाई गोलीकांड में मृत व्यक्तियों की संख्या १५ है। इन मृतकों में ५ छत्तीसगढ़ तथा केडिया डिस्टलरी के श्रमिक, १ सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग का मशीन आपरेटर, २ ए.सी.सी. के कर्मचारी, १ बी.ई.सी. कंपनी का लेथ मशीन आपरेटर तथा १ केडिया डिस्टलरी का निलंबित श्रमिक है। इसके अतिरिक्त ३ अन्य व्यक्ति हैं, जिनमें १ सेलून दुकानदार, १ ट्रेक्टर ड्रायवर तथा १ रिक्शा चालक है। इसके अलावा अन्य २ मृत व्यक्तियों को अभी तक पहचाना नहीं जा सका है। इनमें से १ पुरुष लगभग ३५ वर्ष का है तथा दूसरा लगभग ४५ से ५० वर्ष का है।

सरकारी सूची

१- आसीम दास आ. नागेंद्र दास ३६ साल जाति बंगाली थाना जामुल के सामने हाऊसिंग बोर्ड, भिलाई (सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग मशीन आपरेटर)।

२- के.एन. प्रदीप कुट्टी आ. नारायण उम्र २५ वर्ष निवासी जोन-२, सड़क-३०, ब्लाक-बी, खुर्सीपार भिलाई, [illegible] (डिस्टलरी में इलेक्ट्रीशियन)।

३- केशवप्रसाद गुप्ता आ. [illegible] प्रसाद गुप्ता उम्र ४१ वर्ष, साकिन मिलन चौक, संतोषीपारा कैम्प-२ भिलाई (ए.सी.सी. ठेकेदार लक्ष्मी दास का ड्रायवर)।

४- किशोरी आ. राम किशुन मल्लाह २५ वर्ष निवासी पुराना मछली मार्केट पावर हाऊस भिलाई थाना छावनी (डिस्टलरी में श्रमिक है)।

५- लक्ष्मण वर्मा आ. राम भरोसा उम्र ३२ साल निवासी संतोषीपारा कैम्प-२, थाना छावनी भिलाई (बी.ई.सी. कंपनी में लेथ मशीन आपरेटर)।

६- मधुकर आ. [illegible] जाति नाई साकिन हाऊसिंग बोर्ड कालोनी मकान नं. १४९७, थाना जामुल भिलाई (सेलून दुकानदार)।

७- कुमार वर्मा आ. [illegible] राम वर्मा उम्र २५ वर्ष कैम्प-२, भिलाई थाना छावनी (डिस्टलरी भिलाई में श्रमिक)।

८- रामाज्ञा आ. रघुनाथ चौहान उम्र २० वर्ष निवासी इंदिरा नगर सुपेला, थाना सुपेला (टैक्टर ड्रायवर)।

९- प्रेम नारायण आ. मंगलदास सतनामी उम्र २५ वर्ष साकिन पचपेड़ी, हाल छत्तीसगढ़ डिस्टलरी कुम्हारी (छत्तीसगढ़ डिस्टलरी में श्रमिक)।

१०- जोगो आ. [illegible] उड़िया ४० साल साकिन जनता स्कूल के पास गांधी चौक कैम्प-२ थाना छावनी भिलाई (रिक्शा चालक)।

११- पुराणिक [illegible] आ. [illegible] साहू ३२ साल साकिन [illegible] कुम्हारी भिलाई (डिस्टलरी में श्रमिक)।

१२- मनहरण वर्मा आ. [illegible] प्रसाद वर्मा ३२ साल साकिन [illegible] थाना नंदिनी (ए.सी.सी. में मजदूर है)।

१३- इंद्र देव आ. मुंशी चौधरी २५ साल निवासी ए.सी.सी. चौक जामुल भिलाई (केडिया डिस्टलरी का निलंबित श्रमिक है)।

१४- अज्ञात पुरुष उम्र ३५ वर्ष [illegible]।

१५- अज्ञात पुरुष उम्र [illegible] ४५ से ५० वर्ष।

भिलाई गोलीकांड, प्रशासनिक कार्रवाई पर अनेक प्रश्नचिन्ह?

रेलपांतों पर आंदोलनरत श्रमिकों के साथ ही जी.ई. रोड व बाजारों पर बंदूकें गरजीं

नवभास्कर 13.7.92

भिलाई, २ जुलाई। एक जुलाई को यहां घटित गोलीकांड में मृतकों की संख्या क्या कम हो सकती थी? एवं जिला प्रशासन को गोलीचालन के पूर्व वहां आसपास एकत्रित भीड़ को खदेड़ देने का प्रयास नहीं करना था? इन जैसे अनेक सवाल आज लगभग सभी बुद्धिजीवियों के मस्तिष्क में कौंध रहा है। ये मुद्दे गोलीकांड के आलोचकों के मध्य सर्वाधिक बहस के विषय बन गए हैं। वहीं यह सवाल भी है कि गोलीचालन में उस दौरान फैली भारी भीड़ के कारण ही क्या बहुत अधिक लोगों की जानें नहीं चली गई?

ज्ञातव्य रहे कि उक्त तारीख को पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आव्हान पर पावर हाऊस रेलवे स्टेशन से कुछ आगे पश्चिम की ओर लगभग आधे किलोमीटर की दूरी तक रेल रोको आंदोलन पर बैठे आंदोलनकारी श्रमिकों को रेलपांतों से हटाकर वहां रेल यातायात व्यवस्थित करने के मुख्य उद्देश्य से किए गए गोलीचालन में सासकीय सूत्रों के अनुसार १५ लोग मारे गए हैं। गैर शासकीय सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा तकरीबन ५० के आसपास है। जिनमें मरने वालों में अनेक ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनका छमुमो और उसके आंदोलन से कभी किसी तरह का नाता नहीं रहा।

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस द्वारा गोलीबारी छह बजने के लगभग आठ मिनट पूर्व से प्रारंभ कर दी गई। उस समय तक घटनास्थल के आसपास जी.ई. रोड पर आवागमन पूरी तरह से अवरूद्ध नहीं था। लोग वहां से पैदल, साइकिल तथा अन्य दूसरे वाहनों से आ-जा रहे थे। उसी तरह सिक्स ट्री मार्ग पर भी यातायात बंद नहीं था। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आंदोलनरत श्रमिक रेलपातों पर बैठे हुए थे। वहीं समीपवर्ती क्षेत्रों महात्मा गांधी मार्केट, जवाहर मार्केट, नंदिनी रोड, पावर हाऊस चौक, खुर्सीपार, न्यू बसंत सिनेमा गृह एवं सेक्टर-एक के आसपास बड़ी तादाद में भीड़ एकत्रित थी।

कौतुहल से माहौल को परखने और उस पर अपनी तात्कालिक खट्टी-मीठी प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाली इस भीड़ में शामिल बनसमूहों की संख्या पांच से सात हजार तक पहुंच रही थी।

पुलिस द्वारा फायरिंग प्रारंभ कर दी गई थी उस समय दूर से उसकी आवाज सुनने वाले लोग सशंकित जैसे थे। प्रतिक्रियाएं देखने वाले लोग बताते हैं कि उन्हें संभावना थी कि फायरिंग आदि से उत्पन्न होने वाली आवाज हवाई फायरिंग अथवा पटाखे छूटने की होगी। ऐसे लोगों ने यह भी शंका प्रकट की थी कि उसी दौरान भीड़ में से कुछ लोगों के द्वारा विजय टाकीज के सामने राज्य परिवहन निगम की एक बस को लगा दी गई आग में उसके टायरों के फूटने की आवाज होगी।

गोली चालन के पूर्व स्थानीय प्रशासन ने पावर हाऊस जी.ई. रोड तथा उसके आसपास क्षेत्रों में उपस्थित भीड़ को खदेड़ने के लिए क्या प्रयास किए थे, यह अस्पष्ट है। लेकिन चानकारों का कहना है कि पुलिस द्वारा गोलीचालन शुरू हो जाने के पश्चात भी उन क्षेत्रों में भारी भीड़ फैली हुई थी। जी.ई. रोड पर आकर गोलीचालन प्रारंभ किए जाने के बाद ये लोग भागने लगे थे। बताया जा रहा है कि इस भगदड़ में भागने वाले कुछ लोगों को भी गोलियां लगी। इससे हताहतों की भगदड़ में शामिल कुछ लोग उठकर भी भागे।

गोलीकांड के आलोचकों की इस संबंध में तीखी प्रतिक्रिया के साथ यह सवाल भी है कि जैसे कि जिला प्रशासन का कहना है कि रेल यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शुरू की गई फायरिंग का मुंह जी.ई. रोड पर खड़ी भीड़ की ओर करने की क्या वजह थी। क्या वास्तव में यह आवश्यक था? आलोचकों ने सरकार से इसके विशेष जांच की मांग की है। वहीं संभावना व्यक्त की जा रही है कि प्रशासन के द्वारा गोली चालन के आसपास मौजूद भीड़ को किसी भी प्रकार खदेड़ दिया गया होता तो अनेक निर्दोष लोगों की जानें नहीं गई होती। इस दौरान पुलिस द्वारा अति उत्साह में जनता के दमन को नियंत्रित करना था।

दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि यदि प्रशासन बाहरी भीड़ को हटाने में सफलता प्राप्त कर लेती तो उसके बाद शायद ही यह गोली चालन की नौबत रहती।

खदेड़-खदेड़ कर लोगों को इससे पहले कभी नहीं मारा गया- शास्त्री

रायपुर (समवेत शिखर)। भिलाई गोलीकांड के संदर्भ में जन नेता जमुना प्रसाद शास्त्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहली घटना है। मजदूर आंदोलनों में पहले भी गोलियां चली हैं किंतु खदेड़-खदेड़ कर योजनाबद्ध ढंग से लोगों को पहले कभी नहीं मारा गया।

एक पत्रवार्ता में आज श्री शास्त्री भिलाई से लौटने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में, कहा कि इस गोलीकांड के लिए पटवा सरकार पूर्ण रूप से दोषी है और राष्ट्रपति को चाहिये कि संविधान की धारा ३५६ के प्रावधानों के अनुसार असंवैधानिक ढंग से शासन करने वाली तथा अलोकतांत्रिक प्रणाली अपनाने वाली सरकार को भंग कर दें। इस हेतु मैं राज्यपाल से निवेदन भी करुंगा कि इस पर गौर करें। जब उनसे पूछा गया कि यदि राज्यपाल ने यह आवेदन राष्ट्रपति को नहीं भेजा तो आप क्या करेंगे? इस पर श्री शास्त्री ने कहा कि मैं राष्ट्रपति से स्वयं आग्रह करुंगा। राष्ट्रपति दो तरह से कार्रवाई कर सकते हैं (१) राज्यपाल की रिपोर्ट पर या (२) अन्य तरीके से

श्री शास्त्री ने कहा कि हमारी मांगों में यह भी शामिल है कि २० महीनों से भी ज्यादा समय से मजदूरों को रोजगार से विमुख रखने वाले उद्योगपतियों की संपत्ति जब्त कर मजदूरों को हर्जाना देना चाहिये। उल्लेखनीय है कि हाल ही में बैंक प्रतिभूति घोटाले में एक आर्डिनेंस निकाल कर सरकार ने १४ कंपनियों की संपत्ति जब्त कर ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि कलेक्टर, कमिश्नर व अन्य जिम्मेदार अफसरों पर सीधे हत्या का अभियोग लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर उन पर मुकदमा चलाना चाहिये।

श्री शास्त्री ने कहा कि राज्य सरकार के साथ-साथ इस घटना के लिए केंद्रीय सरकार भी दोषी है जिसने इस मुद्दे पर २० महीने तक कुछ नहीं किया। श्रमिकों को उनका जायज दिलाने के मुद्दों पर केंद्रीय सरकार समझौते करती है तो उसे इस आंदोलन की भी पूरी खबर होनी चाहिये थी। उसे हस्तक्षेप करना चाहिये था, उन्होंने नहीं किया, इसलिये केंद्र भी उतना ही दोषी है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव से भी इस बारे में बातचीत करुंगा।

विद्याचरण शुक्ल की हाल में मजदूरों के पक्ष में दिए गए वक्तव्य के संबंध में श्री शास्त्री ने कहा कि विद्याचरण शुक्ल पर तो आरोप है कि उनका सिम्प्लेक्स वगैरह कंपनियों से सांठगांठ है और अब राजनीतिक लाभ के लिए वे ऐसा कर रहे हैं।

श्री शास्त्री ने कहा कि पटवा द्वारा गोलीकांड की न्यायिक जांच का आश्वासन इस पर पर्दा डालने की एक कोशिश है, म.प्र. सरकार को बर्खास्त करने तक यह जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मैं अभी भोपाल फिर वहां से दिल्ली जा रहा हूं वहां मैं सीटू, पी.यू.सी.एल. और अन्य सभी मजदूर संगठनों से आग्रह करुंगा कि सब मिलकर वे कोई प्रभावकारी आंदोलन करें। ८ जुलाई को जब संसद का मानसून सत्र शुरु होगा मैं देश भर के सभी मजदूरों से आग्रह करुंगा कि वे आंदोलन करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह गैरसरकार मजदूर संगठनों के लिए चुनौती है। 'समूचे विश्व के मजदूरों एक हो' यह नारा दिया जाता है। आई.एल.ओ. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन, आई.सी.एफ.टी.यू. इंटरनेशनल कान्फेडेरेशन ऑफ फ्री ट्रेड यूनियन से भी आग्रह करुंगा कि वे इस दिशा में पहल करें।

श्री शास्त्री ने कहा कि ११ से १ बजे तक कर्फ्यू में ढील थी मैंने घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। मुझे सात व्यक्तियों के लापता होने की एक सूची दी गई है जिसमें मुन्ने खां १४ वर्ष, सुभाष रोड रामनगर का एक ११ वर्षीय बालक चंद्रशेखर, सुखराम शर्मा, हेमलाल कपसदा कुम्हारी तथा उनकी मां शांति बाई, कांता बाई पचपेड़ी और पंगु निषाद कुम्हारी के हैं, जो घटना के बाद गायब हैं।

गोलीकांड के विरोध में ... बंद रहा, रैली ...

[illegible]

... आवाज उठाई।

अपने भाषण में श्री कौशिक ने कहा कि मुख्य मंत्री सुंदरलाल पटवा